प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

05.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

प्रधानमंत्री–वेबीनार रोजगार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रोजगार पर बजट–पश्चात वेबिनार में भाग लेंगे। वेबिनार के प्रमुख विषयों में लोगों में निवेश, अर्थव्यवस्था और नवाचार शामिल हैं। प्रधानमंत्री इस अवसर पर लोगों को भी संबोधित करेंगे। वेबिनार सरकार, उद्योग, शिक्षाविदों और नागरिकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देगा और परिवर्तनकारी बजट घोषणाओं को प्रभावी परिणामों में बदलने के लिए चर्चाओं को प्रोत्साहित करेगा। वेबिनार में विचार–विमर्श का उद्देश्य टिकाऊ और समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त करना, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में नेतृत्व तथा 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में काम करने वाले एक कुशल, स्वस्थ कार्यबल का निर्माण शामिल है।

अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव

मंडी में चल रहा सात दिवसीय **अंतरराष्ट्रीय** शिवरात्रि महोत्सव आज संपन्न हो जाएगा। समापन समारोह में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल मुख्य अतिथि होंगे। राज्यपाल अपने दो दिवसीय दौरे पर कल मंडी पहुंचें। उनके साथ लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल भी उपस्थित थीं। मंडी पहुंचने पर राज्यपाल का नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और अन्य विधायकों ने स्वागत किया। राज्यपाल ने कल सांस्कृतिक संध्या में भाग लिया। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे मंडी जिला संवाददाता।

––डिस्पैच––

पंचायत मॉडल

पंचायती राज मंत्रालय आज नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय सम्मेलन में महिलाओं के अनुकूल ग्राम पंचायत मॉडल की शुरूआत करेगा। यह पहल मंत्रालय के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 समारोह का एक हिस्सा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक जिले में कम से कम एक महिला–अनुकूल ग्राम पंचायत स्थापित करना है। कार्यक्रम में पंचायती राज राज्य मंत्री एस.पी. सिंह बघेल, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल तथा विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

केवल पठानिया

उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि राज्य सरकार गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने पर बल दे रही है। कांगड़ा के शाहपुर में लंज महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश के कॉलेजों की रैंकिंग करने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में नए कोर्स शुरू किए जा रहे हैं ताकि विद्यार्थियों को रोज़गार व स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जा सकें। पठानिया ने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ आगे बढ़ने की अपील की। इस अवसर पर पठानिया ने उन्नत पुस्कालय का शुभारंभ भी किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दीं।

वकील निर्णय

प्रदेश की सभी अदालतों में आज और कल वकील अदालतों में कार्य नहीं करेंगे। हिमाचल प्रदेश संयुक्त समन्वय संघर्ष समिति ने यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया है। समिति ने पूरे प्रदेश के वकीलों के सुझाव पर यह निर्णय लिया है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला संवाददाता।

––डिस्पैच––

चयन

चंबा जिला की दो महिला क्रिकेट खिलाड़ी काशिका ठाकुर व नैंसी शर्मा प्रदेश की 23 वर्ष से कम आयु वर्ग वन–डे महिला क्रिकेट टीम में चयनित हुई हैं। अब ये खिलाड़ी हिमाचल क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए आज से हरियाणा में आयोजित होने जा रही क्रिकेट प्रतियोगिता में दमखम दिखाएंगी। ये टीम अपना पहला मुकाबला अरूणाचल की टीम के साथ खेलेगी। वहीं, हिमाचल का दूसरा मुकाबला असम की टीम के साथ होगा।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है। हालांकि बीते दिनों हुए हिमपात व बारिश के चलते कई स्थानों पर भूस्खलन से अभी भी बिजली, पानी व सड़क सुविधा पूर्ण रूप से सुचारू नहीं हो पाई है। इस बर्फबारी के बाद जहां जनजातीय जिलों में शीतलहर बढ़ गई है वहीं व्यवस्थाओं को भी पटरी पर लाने के प्रयास जारी हैं। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में आज से अगले चार दिनों तक मौसम साफ रहेगा।

विभिन्न पीटीसी/

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते है दोपहर तीन बजे नमस्कार ।